CIP-दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (CSARC), आगरा

चर्चा में क्यों?

सरकार ने उत्तर प्रदेश के **आगरा ज़िले के सिंगना** में **पेरू स्थित** अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (CIP) के **दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र** की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

- भारत में **CIP क्षेत्रीय केंद्र** न केवल **घरेलू किसानों** की बल्कि **अन्य** दक्षिण एशियाई देशों **के किसानों** की भी आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य:**
    - परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य **खाद्य एवं पोषण सुरक्षा** को बढ़ाना, **किसानों की आय में वृद्धि** करना तथा आलू और शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्द्धन में सुधार करके **रोज़गार सृजन** करना है।
- **परियोजना लागत:**
    - उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रस्तावित केंद्र के लिये **10 हेक्टेयर भूमि** आवंटित की है। परियोजना की कुल लागत **171 करोड़ रुपए** है, जिसमें भारत **111 करोड़ रुपए** का योगदान देगा और **CIP (अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र)** द्वारा **60 करोड़ रुपए** प्रदान किये जाएंगे।
- **रोज़गार पर प्रभाव:**
    - भारत का **आलू क्षेत्र- उत्पादन,** प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन, **विपणन** तथा **विस्तृत मूल्य शृंखला** जैसे क्षेत्रों में **रोज़गार सृजन की महत्त्वपूर्ण क्षमता** रखता है।
- **नवाचार:**
    - CSARC (केंद्रीय आलू एवं शकरकंद अनुसंधान केंद्र) द्वारा **आलू और शकरकंद** की उच्च उपज देने वाली, पोषक तत्त्वों से भरपूर तथा जलवायु-अनुकूल किस्मों का विकास किया जाएगा, जिससे विश्व स्तरीय **वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार** के माध्यम से न केवल भारत बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में सतत् विकास को गति मिलेगी।
- **भारत का आलू उत्पादन:**
    - भारत विश्व स्तर पर **आलू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता** है, जिसका उत्पादन वर्ष **2020 में 51.30 मिलियन टन** था।
    - **भारत और चीन** मिलकर वैश्विक आलू उत्पादन का **एक-तिहाई से अधिक** उत्पादन करते हैं, जो वर्ष 2020 में कुल 359.07 मिलियन टन था।
- **भारत में प्रमुख उत्पादक राज्य:**
    - **उत्तर प्रदेश** और **पश्चिम बंगाल** आलू उत्पादन में अग्रणी हैं, जिनमें से प्रत्येक ने **2020-21 में 15 मिलियन टन** का योगदान दिया।
    - **बिहार** में **9 मिलियन टन** उत्पादन होता है तथा गुजरात, मध्य प्रदेश और पंजाब भी इसमें महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।

संबंधित संस्थान

- **अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (CIP):** इसकी स्थापना वर्ष **1971** में हुई थी, इसका मुख्यालय लीमा, पेरू में है, यह **आलू, शकरकंद** तथा अन्य कंद फसलों पर अनुसंधान करता है।
- **चीन:** पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र की सेवा के लिये वर्ष 2017 में बीजिंग के यानकिंग में चाइना सेंटर फॉर एशिया पैसिफिक (CCCAP) की स्थापना की गई।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR): भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद **कंद फसलों पर केंद्रित** दो प्रमुख **संस्थानों** का संचालन करती है:
    - ICAR-CPRI (केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान), शिमला, जो **आलू** पर अनुसंधान करता है।
    - ICAR-CTCRI (केंद्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान), तिरुवनंतपुरम, जो **शकरकंद** पर अनुसंधान करता है।
- **अन्य कृषि केंद्र की स्थापना:** वर्ष 2017 में, कृषि मंत्रालय ने **वाराणसी** में **फिलीपींस स्थित** अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) के एक **क्षेत्रीय केंद्र** की स्थापना का समर्थन किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cip-south-asia-regional-centre-csarc-agra